## संक्षिप्त

### अतिक्रमण हटाया गया

**मसूदा, (निसं)।** किशनगढ़-अजमेर-ब्यावर परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-08 (वर्तमान एनएच-58) पर स्थित पीपलाज चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह कार्रवाई किमी 77 प्लस 275 पर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण हेतु की गई।जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खड़गावत ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसीलदार मसूदा शिल्पा चौधरी के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस अभियान में पीपलाज चौराहे से लगभग 800 मीटर क्षेत्र में फैले हुए लगभग 20 से 25 टीनशेड और एक पक्का निर्माण सफलतापूर्वक हटाया गया।यह कार्यवाही रेवेन्यू ऑफिसर्स मीटिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालना में की गई, जिसमें फ्लाईओवर निर्माण कार्य में बाधा बन रहे पक्के निर्माण, टीनशेड और अन्य अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

### यात्रियों को जागरूक किया

**बिजयनगर, (निसं)।** कश्मीर के पहल गांव में हुए आतंकी हमले के पश्चात देश में बने युद्ध के हालात से निपटने के लिए रेल यात्रियों एवंआम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार रात्रि कोआरपीएफ रेलवे चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर राहुल जानू के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाकर युद्ध की स्थिति मे निपटने केसंदर्भ में जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि विपरीत हालात से निपटने के लिए धैर्य के साथ रहे नागरिको की सुरक्षा में सहयोग करें । चौकी प्रभारी ने राहुल जानू ने संदिग्ध गतिविधियोंवाले लोगों कीसूचना पुलिस को देनेएवं अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। रेलवे पुलिस चौकी पर तैनात आरपीएफ एएसआई कालूराम गुर्जर, दुर्गा शंकर शर्मा, दीपचंद व विनोद मौजूद रहे।

### 'शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक'

**बिजयनगर, (निसं)।** आर्य समाज बिजयनगर के तत्वावधान में आयोजित आत्मरक्षा एवं संस्कार निर्माण शिविर में शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्रशिक्षिक भागचंद आर्य ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार भी आवश्यक है,आज शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों की कमी दिखाई देती है, प्रत्येक बालक बालिका को सुबह प्रतिदिन माता पिता को प्रणाम करना चाहिए, प्रणाम करने से आयु विद्या यश और बल की प्राप्ति होती है,जिस प्रकार माता पिता बचपन में बच्चों की सेवा करते हैं वैसे ही बुढ़ापे में माता पिता की सेवा करनी चाहिए, उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज बच्चों के पास माता-पिता के पास बैठने का समय उनसे बात करने का समय नहीं है इस अवसर पर प्रधान जगदीश प्रसाद आर्य ने शिवरार्थियों को कहा कि वे अपना सारा ध्यान अपने जीवन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगाए, नियमित दिनचर्या ,प्रतिदिन व्यायाम करें,जिससे कि वे स्वस्थ रह सके। आर्य समाज के मंत्री ओमप्रकाश नठावाल ने बताया कि शिविरार्थियों को लाठी तलवार जूडो कराटे आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# जिला परिषद की बैठक में पानी व ग्रामीण विकास का मुद्दा छाया

**अजमेर (कासं)।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा तथा सड़क निर्माण के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

साधारण सभा में सदस्यों द्वारा ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, पेयजल और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पूर्व की बैठकों में उठाए गए विषयों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को यह निर्देश दिए गए कि वे लंबित मामलों में निर्धारित समय सीमा के भीतर उत्तर प्रस्तुत करें और सभी सदस्यों को अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।



बैठक में सर्वसम्मति से पारित हुए सड़क निर्माण से संबंधित प्रस्ताव।

जिला प्रमुख ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। साथ ही स्वीकृत सड़क निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करवाया जाए और ठेकेदारों को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराने के लिए पाबंद किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिया एवं सड़कों के समीप जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। सड़क मार्गो से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए तथा आबादी क्षेत्रों से गुजरने वाले व्यस्त मार्गों पर गति अवरोधक बनाए जाएं। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थलों एवं मोड़ों पर बबूल एवं कंटीली झाड़ियों की कटाई करवाकर दृश्यता को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए।

सभा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत व्यापक नवीन संपर्क प्राथमिकता सूची के प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रस्तावों के माध्यम से उन गांवों, बस्तियों एवं शैक्षणिक संस्थानों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा जो अब तक संपर्क मार्गों से वंचित रहे हैं। प्रस्तावों में नई सड़कों के निर्माण के साथ-साथ कच्चे रास्तों को पक्की सड़कों में परिवर्तित करने की योजना भी शामिल है। जिला प्रमुख पलाड़ा ने कहा कि परिषद का उद्देश्य आमजन की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना तथा समग्र विकास को गति देना है।

■ सड़क विकास, संपर्क मार्गों और जनसमस्याओं के समाधान पर रहा जोर

# बीएसएल फैक्ट्री की एक बिल्डिंग पर हड़कंप मचा

**भीलवाड़ा।** शहर में बुधवार शाम उस वक्त हडकंप मच गया जब चित्तौडगढ़ रोड स्थित बीएसएल फैक्ट्री की एक बिल्डिंग पर 'एयर स्ट्राइक' की सूचना मिली । हमले के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई और कई लोगों के घायल होने व दम घुटने से स्थिति बिगड़ने की खबर फैली। इस 'आपात स्थिति' की खबर चारों ओर फैलते ही पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, दमकल दल, नगर निगम, एंबुलेंस और एसडीआरएफ की टीमें त्वरित गति से मौके पर पहुंच गईं। हालांकि कुछ देर बाद स्पष्ट हुआ कि यह कोई असली हमला नहीं, बल्कि केंद्र व राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित एक मॉक ड्रिल थी, जिसे जिला प्रशासन द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया था मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपात स्थिति में प्रशासनिक तैयारियों, विभागीय समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्यों की व्यावहारिक समीक्षा करना था। इस मॉक ड्रिल में यह परिदृश्य तैयार किया गया था कि बीएसएल फैक्ट्री के कॉटन डिपार्टमेंट और ऑफिस पर हमला हुआ है, जिससे आग लग गई है, दो लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 15 से 20 लोग झुलस गए हैं। जैसे ही यह सूचना बीएसएल फैक्ट्री मैनेजमेंट से भीलवाड़ा पुलिस कंट्रोल रूम को मिली, तत्काल जिला प्रशासन सक्रिय हुआ।

### नवमी महोत्सव आयोजित

**भीलवाडा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के 18 दिवसीय कार्यक्रम की मल्टी कलर स्मारिका का विमोचन अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी व राधेश्याम सोमानी, महासभा कार्यालय मंत्री जगदीश प्रसाद कोगटा, जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती के आतिथ्य एवं सभाध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया के नेतृत्व में किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव के 18 दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही भगवान महेश के महाभिषेक से लेकर चारभुजा नाथ के छप्पन भोग, शोभायात्रा, स्नेहभोज व अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा स्मारिका में समाहित है।

संयोजक राधेश्याम सोमाणी ने बताया कि दिनांक 18 मई से 04 जुन तक विभिन्न खेलकूद, रक्तदान, महिलाओं की रचनात्मक प्रतियोगिताऐं के साथ-साथ माहेश्वरी संतरगी मेला, हास्य हंगामा, महिला किक्रेट सहित विभिन्न आयोजन होगें।


**NAME CHANGE**

I,Smt.SUMAN DEVI is spouse of No JC-776809N,SUB MANUJEE YADWA .914 Lt AD REGT(SP) WKSP C/O 56 APO.NSD CAN'T.Vill-Pranpur,Teh & Distt-Ballia, (UP)277001. have changed my D.O.B 06-12-1979 to 05-02-1986 in my husband army service records.aff-CA 926933.date-03 MAY 2025.Notary Nasirabad

**NAME CHANGE**

I HASEN ALI is Father of Army No. 18010946P Rank- Naik Name- ALIM UDDIN Serving in Indian Army I Have Changed my Name in my Son Army Service Record from HASEM ALI to HASEN ALI vide Affidavit No. CA 926967 before Notary Mohammed Javed

**NAME CHANGE**

I ALEKJAN NESSA is Mother of Army No. 18010946P Rank- Naik Name- ALIM UDDIN Serving in Indian Army I Have Changed my Name in my Son Army Service Record from ALEKJAN BEGUM to ALEKJAN NESSA vide Affidavit No. CA 926968 before Notary Mohammed Javed


### एयर स्ट्राइक पर पुष्कर में मिठाईयां बांटी

**पुष्कर, (निसं)।** पाकिस्तान में आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने पर पुष्कर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सभापति कमल पाठक के नेतृत्व ब्रह्म चौक में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर रोष दर्ज कराया। ओर भारत द्वारा एयर स्ट्राइक पर मिठाईयां बांटी। आतिशबाजी की। भाजपा नेता अरुण वैष्णव ने बताया की आतिशबाजी करते हुए कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर भारत सरकार और सेना का धन्यवाद ज्ञापित किया । इस मौके पर पुष्कर भाजपा मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक, भाजपा नेता कमल पाराशर, अरुण वैष्णव महामंत्री अखिलेश पाराशर पूर्व पार्षद लक्ष्मी पाराशर मुकेश कुमावत रोहन, धर्मेंद्र, अशोक (जम्मू)पाराशर, पीएन भाटी, घनश्याम, अधिवक्ताकुलदीप पाराशर, दामू , विक्रम पाराशर शांति कहार,नोरत पाराशर लोकेश , बाबू ,नीरू पाराशर मनीष, ओमप्रकाश , रोहन सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजुद रहे।

# कथा में कुटुम्ब का महत्व बताया

**अजमेर (कासं)।** मध्यप्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त डॉक्टर उमाशंकर पचौरी द्वारा राम कथा में कुटुंब प्रबोधन विषय को सारगर्भित एवं व्यावहारिक स्वरूप में प्रस्तुत किया गया।

डॉ पचौरी वैशालीनगर स्थित वनविहार कॉलोनी में श्री सिद्धेश्वर मंदिर में आयोजित कुटुंब प्रबंधन कार्यक्रम में कहा कि राम कथा में सीता अर्थात शांति के जन्म का कहीं वर्णन नहीं है क्योंकि शांति अर्थात सीता वैदेही है ,जो कि देह से ऊपर उठने पर ही धीरे-धीरे प्राप्त होती है। जो कि अभिमान रूपी धनुष टूटने पर अयोध्या अर्थात जहां युद्ध की स्थिति ना हो वहां आती है, अन्यथा तो सीताराम एक ही है।

आपने रामायण के एक-एक सूत्र को स्पष्ट करते हुए कहा कि रामायण पढ़ने सुनने से अधिक चिंतन मनन कर जीवन में उतारने हेतु मार्गदर्शिका है। अत: इसे इसके उचित स्वरूप में अपनाया जाना बेहद जरूरी है । आपने कहा कि कामासक्त बुद्धि जड़वत अहिल्या हो जाती है। जिसका सदुपयोग नहीं हो पाता। आप सभी जानते हैं फिर उसका उद्धार श्रीराम के चरण कमल पड़ने पर ही संभव हो पाता है।

■ रामायण के एक-एक सूत्र को स्पष्ट करते हुए कहा कि रामायण पढ़ने सुनने से अधिक चिंतन मनन कर जीवन में उतारने हेतु मार्गदर्शिका है।

अनिल गुप्ता ने कहा कि ऐसा अद्भुत वर्णन हमारे ज्ञान चक्षु खोलने में कामयाबी हासिल कर सका। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक जगदीश प्रसाद साहू ने डॉक्टर उमाशंकर पचौरी का, डां राजेश खत्री द्वारा राजस्थानी साफा, रामचरण बंसल ने शाल एवं माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर राजेश भाटिया, डां राधाकिशन मोटवानी, राजेंद्र गांधी, महावीर सिहं राठौड, अनूप सिंह जोधा, संजय गुप्ता, सतीश गोयल, नेमीचन्द साहू, आभा गांधी, सहित क्षेत्रवासीयो ने आरती की।

इस अवसर पर डॉ चेतना उपाध्याय ने कहा कि रामायण के इस स्वरूप को आम जनता तक प्रसारित किया जाना बेहद अनिवार्य है, इसे किया ही जाना चाहिए।

मोहन लाल खण्डेलवाल, श्रीराम वर्मा, राम निवास वैष्णव, एन डी जयसिंघानी, अनेक गणमान्य नागरिक धर्म प्रेमी बंधु मातृ शक्ति सहित अन्य लाभान्वित हुए। अखिल भारतीय उपाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेसियों ने किया ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत

**अजमेर (कासं)।**राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महेंद्र सिंह रलावता,शिवकुमार बंसल महेश चौहान नगर निगम अजमेर के पूर्व उपायुक्त एवं पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन जिला अध्यक्ष सतीश वर्मा डॉ संजय पुरोहित राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार गर्ग महिला कांग्रेस की अध्यक्ष हितेश्वरी टाक शक्ति सिंह रलावता अहमद हुसैन अकरम कुरैशी एस एम अकबर आदि ने भारत सरकार एवं भारतीय सेवा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर किए जाने का स्वागत किया है। कांग्रेसियों ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि पूरा देश एकजुट होकर ऑपरेशन सिन्दूर का समर्थन करता है। आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया होना चाहिए। पहलगाम में हुए कायराना हमले का मुँहतोड़ जवाब देना जरूरी है।

# स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट मीटिंग का सफल आयोजन

**अजमेर (कासं)।**राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचियावास के तत्वावधान में सेंस इंटरनेशनल इंडिया एवं नवचेतना सोसाइटी, श्रीगंगानगर के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय राजस्थान स्टेट लेवल नेटवर्क और स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट मीटिंग का आयोजन अजमेर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ संस्था की मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक, निदेशक राकेश कुमार कौशिक, सेंस इंटरनेशनल इंडिया से ओमिता निंगोंबोम एवं श्रुति लता सिंह, नवचेतना सोसाइटी श्रीगंगानगर के संस्थापक ओमप्रकाश बवेजा, तथा शिक्षा विभाग से चंचल यादव और लोकेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को दस्तावेज़ीकरण, शिक्षा में दाखिले जैसे कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में संगठित होकर पैरवी करना आवश्यक है, जिससे उनकी समस्याओं को नीति निर्माताओं तक पहुँचाया जा सके। सेंस इंटरनेशनल की प्रतिनिधियों ने 'दिव्यांग समावेशन में बहु-हितधारकों की भूमिका' पर प्रस्तुति दी। इसके पश्चात नवचेतना टीम द्वारा सहभागियों के अनुभव व चुनौतियों को साझा कराया गया।

संस्था की मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक द्वारा दिव्यांगजनों के अधिकार, नीतिगत कमियाँ एवं पैरवी के प्रयासों पर चर्चा की गई। तत्पश्चात, सभी प्रतिभागियों के साथ आगे की कार्ययोजना पर सामूहिक मंथन किया गया।

इस मीटिंग में श्रीगंगानगर, अजमेर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 60 अभिभावकों, दिव्यांगजनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### विवाहिताओं के सिंदूर उजाड़ने का बदला लिया

**अजमेर (कासं)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों का बदला लेने और जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेनाओं ने करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। सेना द्वारा पाक और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक पर ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के चेयरमैन और अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान के उत्तराधिकारी सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने खुशी जताई और एयर स्ट्राइक ऑपरेशन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है जो घर में घुस कर मारेगा। एयर स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर रखा गया, जो भारतीय संस्कृति और माताओं-बहनों के सम्मान का प्रतीक माना जा रहा है।

# अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में अवैध हथियार रखने का आरोपी।

**अजमेर (कासं)।** शहर में अवैध हथियारों की तस्करी और खरीद-फरोख्त पर अंकुश लगाने के लिए एसपी वंदिता राणा के दिशा निर्देशों पर पुलिस थाना क्रिश्चियनगंज और जिला स्पेशल टीम अजमेर ने बुधवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुटी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गांगवा पंचायत समिति परबतसर**

क्रमांक :ग्राप/2025-26/09 (डीडवाना-कुचामन) दिनांक: 01/05/2025

खुली निविदा सूचना संख्या 01 (वित्तीय वर्ष 2025-26)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 (31.03.2025 तक) के लिये घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य विवरण राजस्थान लोक उपापन पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय में देखा जा सकता है।

NIB No. ZNR2526A0337

UBN No. ZNR2526SSOB00410

सरपंच
ग्राम पंचायत, पं.स. परबतसर(नागौर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊचाँ पंचायत समिति, जहाजपुर जिला-भीलवाड़ा**

क्रमांक-ग्रापऊ/निविदा/2025/02 ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26 दिनांक: 05.05.2025

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज योजनान्तर्गत निम्न कार्यों हेतु ग्राम पंचायत ऊचों में सक्षम स्तर पर पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से सीमित निविदाएँ निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत(रू लाखों) | धरोहर राशि (रू) | निविदा शुल्क राशि रू | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्रों की भौतिक प्रति मय निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि ग्राम पंचायत में जमा करवाने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भरतपुर हाउस से निजाम रैलिंग वाली गली व वार्ड सं. 2 साडला हाउस व जेन मंदिर व माल वाली गली में स्ट्रीट एलईडी लाईट मय केबल डालने का कार्य | 5.00 | 10000 | 400 | 14.5.2025 दोपहर 1.00 बजे तक | 14.5.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक |
| | | 5.00 | 10000 | 400 | | |

उक्त निविदा दिनांक 14.05.2025 को दोपहर 3.00 बजे से खोली जायेगी।

NIB NO:- ZBL2526A0276
UBN NO:-ZBL2526WSOB00564

नोट-उक्त सीमित निविदा सूचना का विस्तृत विवरण मय निविदा दस्तावेज वैबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ऊचाँ — सरपंच ग्राम पंचायत ऊचाँ



आम सूचना अंतर्गत धारा -72
भारतीय भागीदारी अधिनियम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीबद्ध भागीदारी फर्म महागौरी मार्बल माइंस, माताबर रोड, मकराना जिला डीडवाना-कुचामन (राजस्थान) जो की रजिस्ट्रार ऑफ़ फर्म्स, नागौर के कार्यालय में पंजीयन संख्या 17/20/96/12 पर पंजीबद्ध हैं उपरोक्त फर्म में श्री भंवर लाल, श्री शिवदान राम माली, श्री सत्य नारायण भाटी, श्रीमती संगीता, श्री तुलसी राम भाटी, श्री ओमप्रकाश भाटी, श्री मुकेश कुमार भाटी एवं श्री लक्ष्मी नारायण सैनी भागीदार थे फर्म के भागीदार श्री भंवर लाल पुत्र श्री किस्तुर राम के दिनाँक 30-10-2024 को स्वर्गवास होने की वज़ह से दिनांक 02-05-2025 को संशोधित भागीदारी विलेख निष्पादित कर ली गयी तथा शेष सभी भागीदारों के द्वारा व्यवसाय जारी रखने का निर्णय लिया गया हर आम व ख़ास को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त के बाबत में किसी को कोई आपति हो तो रजिस्ट्रार ऑफ़ फर्म्स, नागौर कार्यालय को 7 दिवस के भीतर सूचित करावे ।

दिनांक 02-05-2025 — वास्ते मैसर्स महागौरी मार्बल माइंस



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका बोरावड़ जिला-डीडवाना-कुचामन**

क्रमांक : न.प.बो/90ए/24-25/146 **लोक सूचना** दिनांक: 30/4/2025

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदार द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृत अधिकारो के निर्वापन के लिए प्रस्तुत किया है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विरेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्र सिंह निवासी हरनांवा तोषीणा | तहसील मकराना जिला डीडवाना-कुचामन | बोरावड़ | 349/2 | 0.03715 | वाणिज्य प्रयोजनार्थ |

इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.04.2025 को जारी की गयी । प्राधिकृत अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, बोरावड़



**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक : न.प.कि/S D R C/2025/1073 **आम सूचना** दिनांक: 06/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 435 के आवासीय (भूखण्ड संख्या 38 क्षेत्रफल 122.22 वर्गगज, भूखण्ड संख्या 39 क्षेत्रफल 316.67 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या 40 क्षेत्रफल 233.33 वर्गगज इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 672.22 वर्गगज) पर 1. श्री राकेश लढा पुत्र श्री रामवल्लभ लढा 2. अनुराधा लढा पत्नि श्री राकेश लढा 3. धीरज लढा पुत्र राकेश लढा ने आवेदन प्रस्तुत कर एकीकरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : 30 फीट चौडा रास्ता — पश्चिम में : 30 फीट चौडा रास्ता
उत्तर में : ओपन लैण्ड — दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 37 व 41

अतः उक्त एकीकरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा वाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी, नगर परिषद, किशनगढ़



**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/14918302 दिनांक :- 04/05/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 4-5/2025-26**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से जारी कार्य "वार्ड नं. 33 में खानपुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य" की अनुमानित लागत राशि रु. 20.00 लाख की ई-निविदा एवं "Upgradation and Modernization work of Samrat Prithviraj Chauhan Stadium at Chanderverdai Nagar, Ajmer (Consultancy work)" की अनुमानित लागत राषि रु. 10.00 लाख की ई-निविदा दिनांक 15.05.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http:://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http:://sppp.raj.nic.in) http:://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No.: AJD2526SSOB00011, AJD2526WSOB00012

राज.संवाद/सी/25/1867 — अधिशाषी अभियन्ता


# अजमेर हर आपात स्थिति से निपटने को तैयार

**अजमेर (कासं)।** अपना अजमेर हर आपात स्थिति में निपटने के लिए तैयार है। आपात स्थिति से उत्पन्न परिस्थितियों का सामना करने के लिए विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर आग पर काबू पाने, मानव जीवन पर खतरा, मेडिकल, रिस्पॉंस टाइम, सूचनाओं का सही आदान-प्रदान और तेजी से हालात पर काबू पाना जैसी ड्रिल की गई। सभी विभागों की टीमों ने अपना बेहतरीन योगदान दिया। विभागों को निर्देशित किया गया है कि अपने कामकाज को पूरी तरह चौकस रखें और हर समय तैयार रहें।

जिला कलेक्टर लोक बन्धु के नेतृत्व में बुधवार को सराधना स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम डिपो, नसीराबाद स्थित गेल गैस प्लांट और किशनगढ़ एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल की गई। सभी विभागों को शाम 4 बजे मॉक ड्रिल के स्थानों की सूचना दी गई। जैसे ही सूचना मिली, सभी विभागों ने मॉक ड्रिल के लिए निर्धारित स्थानों की ओर प्रस्थान कर दिया।

नसीराबाद स्थित गेल के गैस प्लांट पर भी मॉक ड्रिल हुईं। यहां सभागीय आयुक्त महेश चन्द्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश तथा उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव ने राहत एवं बचाव कार्य की मॉनिटिरिंग की। गेल के महाप्रबंधक शशि रंजन के द्वारा प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही समस्त अधिकारी मौके पर पहुंचे। मॉक ड्रिल के दौरान



मॉक ड्रिल में जांची तैयारियां, सभी विभागों ने दर्ज कराई उपस्थिति

मेकेनिकल वर्कशॉप में फंसे 19 व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। अग्निशमन दल ने दमकल तथा फायर बॉल के माध्यम से आग बुझाई। राज्य आपदा मोचक दल (एसडीआरएफ) द्वारा घायलों को बचाया गया। 6 गंभीर घायलों को नसीराबाद स्थित सामुदायिक चिकित्सालय भेजा गया। इसमें पुलिस विभाग ने सहयोग किया। गंभीर घायलों में से एक व्यक्ति को अजमेर मुख्यालय के चिकित्सालय में रैफर किया गया। भारत संचार निगम के दल ने कैबल और मॉडेम को पुनर्स्थापित किया। बचाए गए व्यक्तियों को सेफ हाउस में रखा गया। यहां उनके लिए विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था रखी गई। मॉक ड्रिल की ब्रिफिंग अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

सराधना स्थित एचपीसीएल के डिपो पर सिविल डिफेंस, मेडिकल अग्निशमन, पुलिस और प्रशासन की टीमें बहुत कम समयावधि में पहुंची। सभी ने तुरंत अपना-अपना काम करना शुरू कर दिया। अग्निशमन और प्लांट की अग्निशमन टीमों ने प्लांट पर लगी आग पर काबू पाने के लिए पानी और केमिकल की बौछार शुरू कर दी। इसी तरह सिविल डिफेंस टीम ने दुर्घटना में फंसे लोगों को बाहर निकाल कर सुरक्षित भवन में पहुंचाया। सामान्य घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं गंभीर घायलों को जिला अस्पताल भेजा। इसी प्रकार किशनगढ़ एयरपोर्ट पर भी मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। यहां के टर्मिनल भवन में आगजनी की सूचना मिलते ही समस्त विभाग आवश्यक संसाधनों के साथ मौके पर पहुंच गए। तत्काल भवन को खाली करवा कर राहत एवं बचाव कार्य आरम्भ किए गए। घायलों को एम्बुलेन्स के माध्यम से चिकित्सालय पहुंचाकर उपचार किया गया। दमकलकर्मियों, एसडीआरएफ तथा एयरपोर्ट सुरक्षाकर्मियों के सम्मिलित सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं उपखण्ड अधिकारी निशा सहारण ने मॉक ड्रिल की मॉनिटिरिंग की। सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक शर्मा एवं निदेशक बी. एल. मीणा मौके पर उपस्थित रहे।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
बिजोलिया शाखा, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001
मोबाईल नं.: 8094007064
ई-मेल: bijoli@bankofbaroda.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8(1) देखे)
**कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री प्रेम चंद मीणा एवं जमानतदार श्री दिनेश कुमार धाकड़ पर मांग सूचना दिनांक 27.02.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 26.02.2025 को बकाया राशि रू. 11,14,798.33 (रूपये ग्यारह लाख चौदह हजार सात सौ अठानवे एवं पैसे तैंतीस मात्र) (दिनांक 16.02.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 02, माह मई, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 26.02.2025 को बकाया राशि रू. 11,14,798.33 (रूपये ग्यारह लाख चौदह हजार सात सौ अठानवे एवं पैसे तैंतीस मात्र) (दिनांक 16.02.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, बिजोलिया शाखा, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री प्रेम चंद मीणा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति सर्वे नं. 8,जो गॉव गोविन्दपुरा, तहसील बिजोलिया, भीलवाड़ा, राजस्थान 311602 पर स्थित है। सीमाएं- उत्तर: रास्ता, दक्षिण: खुली भूमि, पूर्व: प्यार चन्द का मकान, पश्चिम: हाजीराम का मकान

स्थान : भीलवाड़ा — हस्ता.
दिनांक : 02.05.2025 — मुख्य प्रबन्धक एवं प्राधिकृत अधिकारी



**कार्यालय नगर परिषद पुष्कर, जिला अजमेर**
E-mail np pushkar.nagarpalika@gmail.com सदर बाजार, बद्री घाट के पास, पुष्कर Ph -01452773025

क्रमांक/न.प.पु./सामान्य/25/228 **आपत्ति सूचना** दिनांक :06.05.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कि निम्न व्यक्ति द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया है। अतः अगर कोई बख्शीशशुदा/खरीददार सम्पति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के तिथि से 07 दिवस में अपनी आपति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा परिषद द्वारा नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही प्रस्तावित की दी जाएगी, जिसके बाद कोई आपति मान्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है-

| क्र.सं. | आवेदक/पिता/पति का नाम | स्थान जहां सम्पति स्थित है | चतुर्थ सीमा |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति दुर्गा देवी पत्नी स्व. श्री पुखराज सतरावला निवासी ग्राम कोटी चावण्डिया पुष्कर | दुकान नं. 8(बिना छत के सतह मंजिल) वाके आरटीडीसी हर्टस के पास गनाहेडा रोड पुष्कर | पूर्व- दुकान नं.7 देवरामरा जी की; पश्चिम- दुकान नं.9 श्रीमती बैनू रानी की; उत्तर- विक्रेता का स्टोर रूम; दक्षिण- पुष्कर गनाहेडा रोड |
| 2. | श्रीमति दुर्गा देवी पत्नी स्व. श्री पुखराज सतरावला निवासी ग्राम कोटी चावण्डिया पुष्कर | दुकान नं. 7(बिना छत के सतह मंजिल) वाके आरटीडीसी हर्टस के पास गनाहेडा रोड पुष्कर | पूर्व- दुकान नं.8 की सीमा; पश्चिम- दुकान नं.8 श्रीमती दुर्गा देवी द्वितीय पक्ष; उत्तर- वर्तमान में श्रीमती दुर्गा देवी व यशोदा देवी की जायदाद; दक्षिण- पुष्कर गनाहेडा रोड |
| 3. | श्रीमति दुर्गा देवी पत्नी स्व. श्री पुखराज सतरावला निवासी ग्राम कोटी चावण्डिया पुष्कर | सतह मंजिल पर स्थित आवासीय हॉल (बिना छत के अधिकार के) में से 1/2 हक व हिस्सा आरटीडीसी हर्टस के पास गनाहेडा रोड पुष्कर | पूर्व- श्री बाबुलाल जी की जायदाद; पश्चिम- सुरमा देवी का कमरा व मुख्य दरवाजा; उत्तर- श्री राकेश जैन की जायदाद वर्तमान में शिव लहरी की; दक्षिण- श्रीमती बीनू रानी व द्वितीय पक्ष की जायदाद |

आयुक्त
नगर परिषद पुष्कर